प्रादेशिक समाचार

07.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन को किया संबोधित, कहा– जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध।

2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी का लेख किया साझा– कहा विकसित राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका है महत्वपूर्ण आधार।

3. प्रवर्तन निदेशालय ने कोयला व्यापारी को किया समन, पूछताछ के लिए कल रांची कार्यालय बुलाया गया।

4. पश्चिमी सिंहभूम के जराइकेला–मनोहरपुर क्षेत्र में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन तेज, सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी।

5. खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यभर में अस्मिता महिला लीग का होगा आयोजन, जमीनी स्तर की खेल प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि केंद्र सरकार ने जनजातीय समुदाय के चतुर्दिक उत्थान के लिए हरसंभव उपाय किए हैं। इनमें सांस्कृति परंपराओं और भाषाओं का उत्थान शामिल है। आज पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में, 9वें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में उन्होंने कहा कि संथाली संस्कृति और परंपराएं प्रकृति से गहरे जुड़ी हैं और पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के साथ मनुष्य के सह–अस्तित्व के अनुकूल हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि संथाल समुदाय की ओल चिकी लिपि संविधान की 8वीं अनूसूची में शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि 2023 से देश में कई जनजातीय संग्रहालय स्थापित किए गए हैं जिनमें जनजातीय इतिहास को दर्शाया गया है।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा लिखित एक लेख साझा किया, जिसमें राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारत का इतिहास समृद्ध ऐतिहासिक विरासत से प्रेरित है और इसका निर्माण नारी शक्ति द्वारा किया गया है।

******************

प्रवर्तन निदेशालय ने कोयला घोटाले की जांच के दौरान एलबी सिंह को समन जारी कर पूछताछ के लिए कल रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

बता दें कि झारखंड और कोलकाता ईडी ने एक ही दिन झारखंड और बंगाल के कोयला व्यापारियों के ठिकानों पर छापा मारा था. ईडी ने धनबाद के चर्चित कोयला व्यापारी एलबी सिंह सहित अन्य के ठिकानों पर छापेमारी की थी। बताया जाता है कि झारखंड के कुछ कोयला व्यापारी कोलकाता के लाला कोयला सिंडिकेट से संबंधित हैं।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.सी. दुबे ने आज रांची में मुलाकात कर उन्हें 14 से 16 मार्च तक आयोजित होने वाले किसान एग्रोटेक मेला में शामिल होने का आमंत्रण दिया।
वहीं, दिगंबर जैन पंचायत, जैन मंदिर अपर बाजार रांची के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 1 से 6 अप्रैल तक जिला स्कूल परिसर, रांची में आयोजित होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

******************

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में डीपीएस बोकारो की पूर्व छात्रा अपूर्वा वर्मा ने ऑल इंडिया रैंक 42 प्राप्त किया है।
अपूर्वा वर्मा वर्तमान में दिल्ली पुलिस में एसीपी यानी सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। सेवा में रहते हुए उन्होंने लगातार मेहनत जारी रखी और तीसरे प्रयास में सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल की।

******************

सरायकेला समाहरणालय परिसर से बाल विवाह के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सिंहभूम सांसद जोबा मांझी ने इस अवसर पर कहा कि बाल विवाह समाज के विकास में बड़ी बाधा है और इसे समाप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न गांवों और कस्बों में जाकर लोगों को बाल विवाह निषेध कानून और इसके दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देगा।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। जराइकेला और मनोहरपुर थाना क्षेत्र के कोलबोंगा, मारांगपोंगा और कुमडीह जंगल में नक्सलियों के दस्ते की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर कार्रवाई शुरू की। बताया जा रहा है कि दस्ते में कई बड़े नक्सली नेता हैं।

******************

गुमला में जिला प्रशासन और एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन द्वारा संयुक्त रूप से आज समाहरणालय परिसर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर आपदा की स्थिति में बचाव और राहत कार्यों का प्रदर्शन किया गया।

******************

जामताड़ा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को विभिन्न बीमारियों से बचाव और सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। नारायणपुर प्रखंड में चिकित्सा प्रभारी डॉ. ए. के. सिंह ने आज सिकल सेल जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो गांव–गांव जाकर ग्रामीणों को जागरूक करेगा।

******************

रांची में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एक स्वयं सेवी संस्था की ओर से रांची में "संघर्ष से शिखर सम्मान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 101 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

******************

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल राज्य के विभिन्न जिलों में अस्मिता महिला लीग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समन्वय जिला युवा अधिकारी गौरव कुमार, क्षितिज, रवि कुमार मिश्रा, पमीर सिंह, अभिषेक आनंद, रुद्र शेखर, कंचन कुमारी, अब्दुल फारूक खान, मोंटू पातर और रोशन कुमार अपने–अपने जिलों में करेंगे।

*******************

<u>सक्षिप्त खबरें–</u>

- खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र के तिमड़ा गांव में जमीन विवाद को लेकर अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी कर सुकरा महतो की हत्या कर दी, जबकि उनके बेटे अर्जुन महतो घायल हो गए हैं।
- रामगढ़ में पीवीयूएनएल ने सामाजिक दायित्व के तहत स्वर्णरेखा महिला समिति के सहयोग से बिरहोर जनजाति की 15 महिलाओं के लिए 35 दिवसीय रोप क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।
- पलामू क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक किशोर कौशल ने आज गढ़वा के बंशीधर नगर पहुंचकर पुलिस कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

********समाप्त*********